हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 जन्म से ही प्रथम शिक्षा देने वाली महिला ही समाज ...





14 सोलह श्रृंगार से सजीं सुहागिनों ने छलनी..






## खबर संक्षेप

### भुनेश्वर सिंह डहरिया बने आप बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष



**बलौदाबाजार।** आम आदमी पार्टी ने बलौदाबाजार जिले की कमान युवा और संघर्षशील नेता भुनेश्वर सिंह डहरिया को सौंपी है। डहरिया को जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों बलौदाबाजार, कसडोल और भाटापारा में आम जनता, किसानों, युवाओं और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। पूर्व में वे युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एवं भाटापारा विधानसभा प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। संगठन ने उनके कार्य और समर्पण को देखते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है, साथ ही जिले में पार्टी को और मजबूत करने की उम्मीद जताई है।

### दो खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में किया नाम रोशन





**कसडोल।** स्कूल शिक्षक विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट और रग्बी स्पर्धा में कसडोल ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें खुशबु केवट ने क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किए और रग्बी में भुवन केवट ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया इनके उपलब्धि में शाला प्रबंधक शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अंजिव जयसवाल और प्रचार्य पी आर पुरेना और स्कूल स्टाफ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी अविनाश जयसवाल और प्रबुद्धजन ने उज्वल भविष्य की कामना की इस विषय से उपलब्धि के लिए खिलाड़ियों ने व्यायाम शिक्षक आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन को बताया।

### श्रम कानूनों का उल्लंघन जांच में हुआ खुलासा

**चिचोली।** तिल्दा जनपद क्षेत्र स्थित मेसर्स नंदन स्मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड में श्रमिकों के शोषण और श्रम अधिनियम के उल्लंघन का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन की पहल पर श्रम विभाग ने जांच की, जिसमें उद्योग प्रबंधन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, श्रमिक कल्याण अधिनियम सहित कई नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। श्रम निरीक्षक सियाराम पटेल ने बताया कि उद्योग प्रबंधन को नोटिस देकर जवाब मांगा गया था, पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर विभाग अब मामला कोर्ट में ले जाने की तैयारी कर रहा है। दो श्रमिकों को बिना कारण नौकरी से निकाले जाने की भी शिकायत मिली है, जिसकी जांच जारी है। गौरतलब है कि श्रमिकों से 12 घंटे कार्य करने का दबाव बनाने और मजदूरी दर घटाने की शिकायत के बाद यह मामला उजागर हुआ। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन ने इसे श्रमिक हित से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

### उपभोक्ता आयोग ने दिलाई दुर्घटना वाहन की क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार** | बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कम्पनी को क्षतिपूर्ति की राशि 1,21,925 रुपये प्रदाय किये जाने के आदेश पारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलाईगढ़ निवासी सहदेव प्रसाद साहू ने अ बीमा कम्पनी से वाहन का बीमा कराया था। वाहन दुर्घटनाग्रस्त शेष पेज 12 पर

# कांग्रेस ने जनादेश की लूट के खिलाफ चलाया घर-घर हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ›› सिमगा

- सह प्रभारी विजय जांगिड़, विधायक इन्द्र साव और जिलाध्यक्ष धृतलहरे ने की अगुवाई

नगर पालिका सिमगा क्षेत्र में "वोट चोर गद्दी छोड़" आंदोलन के तहत घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़, क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने किया। अभियान की शुरुआत आत्मा राम ताम्रकार के निवास से की गई जहाँ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान



### लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई हर नागरिक की जिम्मेदारी

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी प्रेसवार्ता में स्पष्ट कहा है कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई हर नागरिक की जिम्मेदारी है। आज जब सत्ता में बैठे लोग जनमत की अवहेलना कर रहे हैं, तब जनता को ही आगे आकर सच्चाई बतानी होगी। जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि यह आंदोलन लोकतंत्र की पुनर्स्थापना की दिशा में एक मजबूत कदम है। हर कार्यकर्ता को इस अभियान को मिशन की तरह लेना चाहिए। जब हर घर से हस्ताक्षर जुड़ेंगे, तो यह जनता की उस आवाज का प्रतीक होगा जो अन्याय, भ्रष्टाचार और जनादेश की लूट के खिलाफ खड़ी है। कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है और इस जन आंदोलन को गांव-गांव तक पहुँचाया जाएगा।

कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि "जनता के विश्वास और जनादेश का अपमान कर सत्ता में बैठे लोगों ने लोकतंत्र की मर्यादा तोड़ रहे है। 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान जनता की आवाज को सशक्त करने का माध्यम है। देश की जनता समझ चुकी है कि किस प्रकार लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। यह अभियान सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि जनभावना का प्रतीक है। हम घर-घर जाकर लोगों से अपील करेंगे कि वे अपने हस्ताक्षर के माध्यम से इस आंदोलन को जन आंदोलन बनाएं। कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक "जनादेश की लूट" करने वालों को जवाब शेष पेज 12 पर

## सौगात : सिमगा नगर में सिटी सर्विलांस सिस्टम का शुभारंभ

# 40 उच्च गुणवत्ता के कैमरों से होगी अब शहर की चौबीसों घंटे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ›› सिमगा

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री टंकराम वर्मा ने किया उद्घाटन



#### तीसरी आँख से होगी पैनी निगरानी

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शहर की पैनी निगरानी अब तीसरी आँख से होगी। सी सी टी वी कैमरा से शहर के चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी होगी जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी और अपराध में अंकुश लगेगा। कार्यक्रम को कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने बताया कि थाना में सिटी सर्विलांस सिस्टम से दामाखेड़ा व लिमतरा में लगे सीसी टीवी कैमरा कनेक्ट हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

नगर जनसंख्या एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से राज्य के प्रमुख शहरों में सिमगा की गिनती की जाती है। इसके साथ ही सिमगा नगर, रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में स्थित है, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इस दौरान सिमगा नगर में अपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसना जरूरी था।

संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों पर सतत निगाह सहित कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी सहित सिटी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना करना अत्यंत आवश्यक था। इसके लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में उच्च क्वालिटी के विभिन्न श्रेणियों में कुल 40 नग कैमरा लगाते हुए थाना सिमगा परिसर में सिटी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना की गई है जिसका विधिवत उद्घाटन आज शुक्रवार को मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन टंकराम वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नये -नये तरीके से लगातार काम कर रही है। सिमगा नगर में सीसीटीवी सर्विलांस शुरू होने से अपराधियों की पहचान और पकड़ने में यह मील क़ा पत्थर साबित होग़ा।

उन्होंने कहा कि सिमगा नगर नेशनल हाईवे के किनारे पर बसा है जहां बड़े -बड़े कारखाने भी है। ऐसे में यहां अन्य प्रांतो से भी लोग आते हैं। कोई किसी घटना या अपराध को अंजाम देकर चला जाएगा तो उसका पता लगाना कठिन है, लेकिन अब पूरे शहर में 40 नग उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगने से यह आसान होग़ा। रात में भी यह कैमरे गाड़ी की नंबर ट्रेस कर सकते हैं।

# रोड पर मारपीट करने वाला हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ›› अर्जुनी

- बीयर बोतल और लोहे के चूड़े से किया हमला, गंभीर रूप से घायल
- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार



भाटापारा थाना ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत अर्जुनी टोनाटार रोड पर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट करते हुए गंभीर चोंट पहुंचाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से बीयर बाटल एवं लोहे की चुडा से मारपीट कर पीड़ित को गंभीर चोट पहुंचाई गई थी। जिसकी शिकायत प्रार्थी गोविंदा वर्मा निवासी ग्राम पाटन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

शिकायत में बताया गया कि 8 अक्टूबर को शाम के समय अपने भाई नागेंद्र वर्मा के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम अर्जुनी से वापस अपने गांव आ रहा था। अर्जुनी टोनाटार रोड में नहर के पास आरोपी कमलेश महंती द्वारा जबरन रोककर तुम लोग गांव में शराब बंदी कर रहे हो मेरे पेट पर लात मार रहे हो इस प्रकार की बातें बोलकर अश्लील गाली-गलौज कर मारपीट किया गया। इसके साथ ही आरोपी द्वारा जान से मारने की नियत से बियर के बोतल एवं लोहे के चूड़ा से भी मारपीट कर गंभीर चोंट पहुंचाया गया। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 651/2025 धारा 296,351(2),126(2),109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूला आरोप

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी कमलेश महंती पाटन निवासी को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ बीयर के बोतल, लोहे के चूड़ा आदि से मारपीट कर उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को 09 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# डीएमसी ने ली संकुल शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ›› बलौदाबाजार

जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा ने शुक्रवार को बलौदाबाजार और पलारी के संकुल शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक क्रमशः प्रातः 11 बजे बीआरसी बलौदाबाजार और दोपहर 2 बजे बीआरसी पलारी के प्रशिक्षण हाल में आयोजित हुई। बैठक में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन 2025-26, एक पेड़ मां के नाम अभियान, यू-डाईस एंट्री, सामाजिक अंकेक्षण, निपुण भारत लोगो सहित समग्र शिक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। श्री वर्मा ने सभी समन्वयकों को समयावधि में कार्य पूर्ण करने और शालाओं का नियमित निरीक्षण कर वांछित जानकारी शेष पेज 12 पर

# 7 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ›› बलौदाबाजार

जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 7 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेशानुसार पवन यादव निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा, नारायण साहू, निवासी ग्राम टीला थाना पलारी, धनीराम घृतलहरे, निवास ग्राम ओड़ान थाना पलारी, अजय सोनी, निवासी ग्राम सड़कपारा करही बाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, राहुल टण्डन निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा, होरीलाल उर्फ मोनू साहू, निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण एवं चेतन साहू, निवासी ग्राम दतरेंगी थाना भाटापारा ग्रामीण को जिला बदर किया गया है।

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

## करवा चौथ में सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत...



**गिधौरी।** सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व करवा चौथ है और शुक्रवार को गिधौरी अंचल, टुण्डरा, घटमडवा, कुम्हारी, नरधा, गिरौदपुरी सहित गांवों में महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा। उन्होंने सुबह सरगी खाकर और सोलह श्रृंगार करके व्रत की शुरुआत की, दिनभर निर्जला उपवास रखा और शाम को चांद के निकलने के बाद पारंपरिक पूजा-अर्चना की। इसके बाद छलनी से चांद को देखकर और पति के हाथ से जल ग्रहण करके व्रत खोला गया। व्रत की शुरुआत - महिलाओं ने सुबह सूर्योदय से पहले सरगी खाई और सोलह श्रृंगार किया। दिन भर का उपवास - उन्होंने दिन भर बिना पानी या भोजन के निर्जला व्रत रखा। पूजा शाम को - पारंपरिक विधि-विधान से भगवान शिव, पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और चंद्रमा की पूजा की। व्रत खोलना- चांद के दीदार के बाद, छलनी से चांद को देखते हुए और चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला गया। इसके बाद पति के हाथ से जल पीकर व्रत का समापन किया गया।

## अंतिम संस्कार के समय भी नहीं मिल रही सरकार की सुविधाएं

# मुक्तिधाम तक पक्की सड़क नहीं, खुले में हो रहे अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ›› मुंडा

एक ओर सरकार सर्वे भवंतु सुखिनः और सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का नारा देती है। वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में गअपने परिजनों को सम्मान पूरक विदाई नहीं दे पा रहे हैं। अंतिम संस्कार जैसे पवित्र कार्य के लिए यदि लोगों को काफी कठिनाइयों के बीच अंतिम संस्कार करना पड़े तो यह शासन प्रशासन की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। जी हां हम बात कर रहे हैं ।

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत का हासिल आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा का जहां मृतकों को अंतिम संस्कार करने के लिए ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां दो जगहों पर मृतकों का अंतिम संस्कार किया जाता है। एक टेढ़ी तालाब पार में तो दूसरा जुड़ा जाने वाले रास्ते आरक्षित शासकीय भूमि पर। टेढ़ी तालाब पार में मुक्तिधाम बनाया गया है, किंतु मुक्ति धाम (श्मशान घाट) तक जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं है। अंतिम संस्कार के समय शवों को खेतों के मेढ़ो से होते हुए ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर ले जाना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी पीड़ा दायक होती है। वही जुड़ा जाने वाले रास्ते पर मुक्तिधाम के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर अभी तक अंतिम संस्कार के लिए शेड निर्माण नहीं बन पाया है जिससे ग्रामीण खुले में अंतिम संस्कार करने को मजबूर है।

### बैठने के लिए नहीं है कोई शेड या चबूतरा

यह स्थिति न केवल अत्यंत कष्ट दायक है बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अमानवीय स्थिति भी है। ग्रामीणों ने बताया कि मुक्तिधाम के पास न तो पीने के पानी की कोई व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए कोई शेड या चबूतरा बना है। इस पर कई बार ग्राम पंचायत द्वारा जनपद पंचायत में जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस समस्या को सुशासन पर्व के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष भी उठाया गया था किंतु जिला प्रशासन द्वारा केवल कागजी कार्यवाही की गई पर आज तक कोई वास्तविक समाधान नहीं हुआ।



### जिला प्रशासन से ग्रामीणों ने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर उन्हें जिन कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है, वह शासन प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। जिला प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि शीघ्र ही टेढ़ी तालाब मुक्तिधाम तक जाने के लिए रोड और जुड़ा जाने वाले रास्ते पर मुक्तिधाम शेड निर्माण किया जाय साथ ही दोनों जगहों पीने का पानी एवं बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि इस अमानवीय स्थिति का अंत हो सके। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच शशिकला पांडे ने कहा कि टेढ़ी तालाब श्मशान घाट जाने के लिए जो रास्ता है, वह किसानों का निजी जमीन है जूड़ा जाने वाले रास्ते पर मुक्तिधाम के लिए आरक्षित भूमि है वहां पर शेड निर्माण के लिए आवेदन दिए गए हैं।

# नवनिर्मित मुरुम तालाब चौपाटी का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ›› बलौदाबाजार

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा स्थानीय नगर पालिका के समीप बन रहे मुरुम तालाब चौपाटी के सौन्दर्यीकरण एवं चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान चौपाटी की सुंदरता के लिए वृक्षारोपण व पौधे लगाए जाने के साथ ही गढ़बो नवा बलौदाबाजार ग्लो साइन बोर्ड का भी अवलोकन किया गया, साथ ही गुणवत्ता पूर्वक कार्य किए जाने निर्देशित किया गया, नगर के लोगों के लिए यह स्थान सामान्य रूप से घूमने के साथ ही मनोरंजन स्थल व खान-पान की सामग्री से भरपूर रहेगा, जिसमें लोग सुकून से कुछ समय इस स्थान पर अपना व्यतीत कर सके इसी के अनुरूप सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है ।

निरीक्षण के दौरान पार्षद गौतम सिंह चौहान सलमान शेख, उप अभियंता विनोद यादव, रितेश स्थापक, मुगल किशोर साहू, कमलेश्वरी जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र नामदेव, रवि साहू, गुरुदत्त तिवारी, सुनील पांडेय, सहित अन्य उपस्थित थे।

# पर्यावरण जागरूकता व स्थानीय समुदाय की भागीदारी को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार एवं अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार के नेतृत्व में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक बलौदाबाजार वनमण्डल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सप्ताह भर के आयोजन का उद्देश्य वन्यजीवों के संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

सप्ताह का शुभारंभ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं सेवा पर्व के अवसर पर तुरतुरिया वाल्मीकि आश्रम परिसर में "स्वच्छता अभियान" के साथ किया गया जिसमें स्थानीय ग्रामीणों एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया और सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। 3 अक्टूबर को "बर्ड एवं बटरफ्लाई वॉक" का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों, ग्रामीणों एवं पक्षी विशेषज्ञों को स्थानीय पक्षियों एवं तितलियों की प्रजातियों से परिचित कराया गया। 4 अक्टूबर को "बांस शिल्प कार्यशाला" का आयोजन कराया गया जिसमें स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं उन्हें व्यावसायिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई इसके साथ ही विशेष आयोजन के रूप में "वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता" का भी आयोजन किया गया।

## वन्यजीव फोटोग्राफी में प्रदेशभर से 100 प्रतिभागियों ने भेजीं शानदार तस्वीरें



### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

5 अक्टूबर को "नेचर वॉक (फ्लोरल स्पीशीज)" के माध्यम से प्रतिभागियों को स्थानीय पुष्पीय विविधता की जानकारी दी गई। 6 अक्टूबर को "पेंटिंग प्रतियोगिता एवं डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग" का आयोजन कराया गया जिसमें वन्यजीवों पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। 7 अक्टूबर को "क्विज प्रतियोगिता" रखी गई है जिसमें वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थितिकी और अभ्यारण्य के महत्व पर आधारित प्रश्न पूछे गए। सप्ताह का समापन 8 अक्टूबर को "पुरस्कार वितरण समारोह" के साथ हुआ जिसमें सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### लाहौद में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

**मुंडा** । बलौदाबाजार क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाहौद में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश अवस्थी एवं बी एम ओ डॉ नवदीप बांधे के निर्देशन अनुसार स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर डी.के. चौहान के द्वारा 18 लोगों की आंखों की जांच एवं उपचार किया गया जिसमें से एक मोतियाबिंद मरीज को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार रेफर किया गया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### करवा चौथ व्रत से मिलता है अखंड सौभाग्य व समृद्धि

**चिचोली** । राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच की जिला अध्यक्ष आशा देवी साहू और प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने कहा कि करवा चौथ का व्रत केवल पति की दीर्घायु के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार के सुख, शांति और समृद्धि का प्रतीक है। इस दिन भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और चंद्र देव की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ का व्रत आस्था, श्रद्धा और पारिवारिक एकता का प्रतीक है, जो नई पीढ़ी को भी भारतीय परंपराओं से जोड़ता है।



### लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने लूटा दर्शकों का दिल



भवानीपुर। ग्राम भवानीपुर के गुड़ी चौक में आदर्श रामलीला मंडली द्वारा चल रहे भगवान श्रीराम की लीलाओं के आयोजन में शुक्रवार की रात धनुष यज्ञ प्रसंग का मंचन हुआ। इस अवसर पर प्रस्तुत लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय और व्यंग्यात्मक संवादों से दर्शकों को बांधे रखा। विशेषकर लक्ष्मण के तीखे परंतु हास्यपूर्ण उत्तरों ने उपस्थित जनसमूह को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मंचन में जहां लक्ष्मण की वीरता झलकी, वहीं भगवान श्रीराम की विनम्रता और परशुराम के दिव्य स्वरूप के प्रति सम्मान ने कथा को भावपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में लक्ष्मण की भूमिका में नारायण साहू, परशुराम की भूमिका में गौकरण साहू, जबकि भगवान श्रीराम की भूमिका में विजय साहू ने शानदार अभिनय किया। कलाकार इच्छाराम साहू, संतोष साहू, केशव ध्रुव, जयराम ध्रुव, किशन ध्रुव, ईश्वर ध्रुव सहित मंडली के सभी सदस्यों ने मिलकर मंचन को जीवंत बना दिया।

## महिला बाल विकास विभाग ने कराया अन्नप्राशन एवं महिलाओं को पोषण आहार किया वितरित

# जन्म से ही प्रथम शिक्षा देने वाली महिला ही समाज को बेहतर दिशा दे सकती हैः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





स्थानीय महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा पोषण त्यौहार का आयोजन निकट की ग्राम भाटागांव में आयोजित किया गया, रजत जयंती वर्ष में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सरस्वती चंद्रवंशी के द्वारा आमंत्रित अतिथि गणों का पुष्प कुछ भेंट कर अभिनंदन किया गया, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के द्वारा समय-समय पर रचनात्मक गतिविधियों में अपनी भागीदारी निभाते हैं, इसके साथ ही स्वावलंबी जीवन के लिए महिला समूह का कार्य भी प्रशंसनीय है । आज के समय में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पोषण आहार का सेवन बेहद महत्वपूर्ण है, साथ ही महिलाओं के प्रयास से ही घर परिवार एवं समाज की प्रगति संभव है, महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र महत्वपूर्ण है जन्म से ही प्रथम शिक्षा देने वाली महिला ही समाज को बेहतर दिशा दे सकती है ।

नवजात शिशुओं का हुआ अन्नप्राशन

आयोजित गर्भवती महिलाओं के गोदभराई के साथ छोटे बच्चों को अन्नप्राशन भी नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा चिन्हित किए गए गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया गया , साथ ही नवजात शिशुओं को प्रथम अन्नप्राशन संस्कार के कार्यक्रम भी आयोजित कर खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया ।

ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पार्षद रोहित साहू, गौतम सिंह चौहान, ग्राम भाटागांव के सरपंच अभिषेक घृतलहरे, ग्राम सोनपुरी के सरपंच कमलेश गर्ग के द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थिति के साथ ही अन्नप्राशन संस्कार में योगदान दिया । इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक प्रभा मांडले, गिरिजा वर्मा, सुनीता वर्मा, वेजग्लोरिया केरकेट्टा, सचिव गौरीशंकर वैष्णव, गुरुदत्त तिवारी, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे।

## बलौदाबाजार के ईशान झा को मिला अंतरराष्ट्रीय मंच पर मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के लिए गर्व का क्षण तब आएगा जब शनिवार, 11 अक्टूबर को भारतीय समयानुसार सायं 5 बजे से जियो हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित होने वाले दक्षिण अफ्रीका बनाम नामीबिया क्रिकेट मैच में बलौदाबाजार के लाल ईशान झा अंतरराष्ट्रीय मंच पर नजर आएंगे।

नामीबिया की टीम के आगे राष्ट्रीय ध्वज लेकर चलने वाले ईशान झा का पैतृक निवास बलौदाबाजार में है। वे सेवानिवृत्त प्राचार्य रमाकांत झा एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य निशा झा के पौत्र, पायलट विश्वेश झा (लल्ला) के पुत्र तथा सुप्रीम कोर्ट के ख्यातनाम अधिवक्ता ऋषिकेश झा के भतीजे हैं। यह अवसर न केवल झा परिवार के लिए, बल्कि पूरे बलौदाबाजार जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ ही नामीबिया इंटरनेशनल स्टेडियम का उद्घाटन भी होगा। ईशान झा की इस उपलब्धि से जिलेवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए "गौरव का पल" बताते हुए ईशान को शुभकामनाएं दी हैं।

### भवानीपुर प्राथमिक विद्यालय में हुआ न्योता भोज



**भवानीपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेशभर के स्कूलों में आयोजित हो रहे न्योता भोज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर के प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों और शाला विकास समिति के सदस्यों ने बच्चों को पूरी, खीर, हलवा, मिठाई जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोज का आनंद लिया और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।उपसरपंच फागू राम सेन ने कहा कि न्योता भोज का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन के साथ सामाजिक जुड़ाव का अनुभव कराना है। जहां मध्याह्न भोजन से बच्चों को नियमित पौष्टिक आहार मिलता है, वहीं न्योता भोज के माध्यम से उन्हें स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद मिलता है। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोष साहू, सरपंच प्रेमिन लहरे, जनपद प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं और छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाई जा रही सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादे किंतु गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, पालकों तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि साइकिल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है ताकि वे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें और अपनी पढ़ाई में प्रगति करें। प्राचार्य ने बताया कि शासन द्वारा संचालित यह योजना विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देती है। साइकिल मिलने से छात्रों का समय बचेगा तथा वे समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगे।

**छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौलः** इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संबोधन भी दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शासन एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। मोहरा क्षेत्र में साइकिल वितरण से छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल देखा गया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी।

## पेज 11 के शेष

### कांग्रेस ने जनादेश ...

नहीं मिल जाता। उक्त अवसर पर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, भाटापारा मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, सुनील माहेश्वरी, रमेश धृतलहरे, हिरेंद्र कोसले, अभिनव यदु, बाबूलाल साहू, कुबेर यदु, पार्षद परदेशी सोनकर, रिंकू भाटिया गोलू पाटकर, अशोक देवांगन, अश्वनी साहू, हिम्मत शर्मा,हीरालाल साहू, दिनेश साहू, गंगा ओगरे, मोहन गायकवाड, रंजीत सोनवानी, धरम वर्मा, सरजू यदु, शेष नारायण साहू, जवाहर साहू, जगेश्वर ध्रुव, चंद्रशेखर साहू, चंदू साहू, अरूण यादव, सचिन्द्र शर्मा, सत्यजीत शेंडे, विक्की ठाकुर, विवेक यदु, श्यामलाल देवांगन, भिखारी गहरे, चैतराम साहू, डेंग सिंह, अजीत भट्ट, ढेलू साहू, लाला वर्मा, धनेश्वर निषाद, तुलसीराम, रामसजीवन साहू, देवचरन मार्कण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### डीएमसी ने ली ..

उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जहीर अब्बास, खिलावन वर्मा, केशव चंद्रा (पीएमयू), बीआरसी अविनाश तिवारी, जीवनलाल जोशी सहित सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे।

### उपभोक्ता आयोग ने ...

होने पर सूचना बीमा कम्पनी को दिया गया तथा वाहन मे हुई क्षति को सुधार हेतु संबंधित रिपेयरिंग वर्कशॉप में भेजा गया और बीमा कम्पनी को प्रस्तुत किया गया परन्तु बीमा कम्पनी द्वारा निराकरण नहीं किया गया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म परिशीलन पश्चात मामले में निष्कर्ष दिया कि सर्वेयर एवं लॉस एसेसर्स द्वारा निर्धारित क्षति को चुनौती नहीं दी गई है तथा सूचना उपरान्त भी क्षति प्राप्त करने हेतु प्रयास नहीं किया गया है।ऐसी दशा में बीमा कम्पनी आवेदक को क्षतिपूर्ति की राशि 1,21,925 रुपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।





HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# किसानों को मिट्टी परीक्षण और फसल उपचार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी का वार्षिक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सुनील एम एस जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक भाटापारा थे। अध्यक्षता प्राधिकृत अधिकारी जवाहरलाल वर्मा के द्वारा किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नारायण वर्मा, लखन यदु सहित बड़ी संख्या में किसान सदस्य उपस्थित रहे। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरीश सोनवानी ने बताया कि आज वर्तमान समय में किसानों के फसल पर भूरा माहू का प्रकोप देखने को मिल रहा है।। इसी प्रकार से भगवती वर्मा ने किसानों को सही समय में खाद यूरिया, डीएपी, उपलब्ध नहीं होने की मुद्दा बैठक मे उठाया। समिति प्रबंधक अर्जुनी मुक्तानंद वर्मा ने वार्षिक आय व्यय का विवरण पढ़कर किसानों को बताया। इस वर्ष कुल आय समिति का 14 लाख 45 हजार 880 रुपए हैं। वर्तमान समय में किसानों को 2 करोड़ 70 लाख 19 हजार का ऋण प्रदान किया गया है। वर्तमान समय में यहां पर समिति में 1983 किसानों की संख्या है। इस दौरान किसान सुधु साहू, लोकनाथ यदु, ठाकुर राम ध्रुव, धनेश्वर वैष्णव, भुनेश्वर वर्मा, मनीराम वर्मा, पुरण वर्मा, भगवती वर्मा, वेदराम, मिथिलेश सेन, संजय रजक, रामेश्वरी वर्मा, अनीता यादव, शेखर वर्मा सहित किसान जन एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने एग्रीस्टेट पंजीयन और खाद उपलब्धता के मुद्दे बैठक में उठाए



### 140 किसानों के द्वारा मिट्टी परीक्षण कराया

140 किसानों के द्वारा मिट्टी परीक्षण कराया गया था जिसका परिणाम अभी आ चुका है। मिट्टी परीक्षण हर 2 वर्ष में सभी किसानों को करना चाहिए प्रत्येक सोमवार को जिला सहकारी बैंक अर्जुनी में किसानों की समस्या के निदान के लिए मैं यहां उपस्थित रहूंगा और जो भी किसानों की समस्या खाद्य बीमारी के उपचार से संबंधित है धान की फसल की उपचार की जानकारी मुझसे ग्रहण कर सकते हैं। किसान भुनेश्वर वर्मा ने कहा कि एग्रीस्टेट का पंजीयन करने के लिए हम सभी किसान परेशान हैं। 09 से 10 बार ग्राहक सेवा केंद्र का चक्कर लगाकर घूम रहे हैं उसके बाद भी एग्रीस्टेट सही समय पर पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं कई किसानों का दो-तीन गांवो में जमीन होने के कारण पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं और समिति में कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा एग्रीस्टेक करने की बात पर किसानों को बार-बार जोर दे रहा है।

## खबर संक्षेप



### एलआईसी प्रशिक्षण केंद्र भिलाई में तनुजा सम्मानित

**खरोरा।** भारतीय जीवन बीमा निगम के सेल्स ट्रेनिंग सेंटर भिलाई में आयोजित सम्मान समारोह में बीमा सलाहकार कुमारी तनुजा सोनवानी को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। उन्होंने बीमा कार्य में स्थिरीकरण विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर श्रेष्ठ कार्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर तनुजा सोनवानी ने कहा कि एलआईसी का उद्देश्य देशभर में वित्तीय सुरक्षा और बचत की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने अपने प्रशिक्षकों और पॉलिसी धारकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

### संगीत, योग व व्यायाम की साधना से 91 वें वर्ष में प्रवेश



**खरोरा।** नगर पंचायत खरोरा के गौरव और वरिष्ठ सम्मानित नागरिक, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक गोविंदराम वर्मा आज अपने जीवन के 91 वे वर्ष में प्रवेश कर चुके है। इस अवसर पर उनको बहुत बहुत बधाईयां शुभकामनाएं। बता दे कि गोदिंदराम वर्मा लगातार संगीत की साधना करते है। और प्रातः काल योगा की भी साधना करते है । और उनकी एक नियमित दिनचर्या बंधी हुई है जिसके कारण वह स्वस्थ है। बता दे कि सुविख्यात लोक गायिका छाया चंद्राकर, और सुप्रसिद्ध गीतकार संगीतकार गायक निर्माता चंद्रभूषण वर्मा उनके पुत्री और पुत्र है। उनके छोटे पुत्र डॉ पूर्णेंद्र कुमार वर्मा सेंचुरी सीमेंट कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी के पद पर विराजमान है। गुरुजी ने बताया कि संगीत योग और व्यायाम ही मेरे स्वस्थ जीवन की संजीवनी है जिसे अंत समय तक मै अपने में समा के रखूंगा। इस अवसर पर नगर वासियों द्वारा गोविंदराम वर्मा को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे है ।

### भाभाशाह चौक से अंग्रेजी शराब दुकान तत्काल हटाया जाय

**भाटापारा।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, जिला सचिव सचिन शर्मा, युवा कांग्रेस नेता आदिल चनेजा ने कलेक्टर दीपक सोनी एव जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल को ज्ञापन सौप कर भाटापारा के हदय



इस्थल भाभाशाह चौक पर नगर पालिका परिषद कॉम्प्लेक्स के दुकान में संचालित अंग्रेजी प्रियम शराब दुकान को तत्काल अन्यंत्र हस्तांतरित करने की मांग की। सुशील शर्मा ने कहा कि छग नगर पालिका अधिनियम 1961 एवं 1985 के तहत नगर पालिका के द्वारा आबंटित दुकान में शराब और मांस का विक्रय करना निषेध है। किंतु आबकारी विभाग के अधिकारियों ने नियमों के खिलाफ जाकर जन भावनाओं की परवाह न करते हुये अपनी तुगलकी नीति लागू कर अंग्रेजी प्रियम शराब दुकान संचालित कर दिया है, विदित हो कि संचालित शराब दुकान के पास हनुमान मंदिर, साई बाबा मंदिर, आर्यावत स्कूल, गुरुकुल स्कूल, कीटजी स्कूल, मार्डन स्कूल सहित साहू समाज का छात्रावास संचालित है साथ ही साथ हजारों नागरिकों का लगातार आना जाना लगा रहता है।

## पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने जताया समर्पण

# सुहाग की सलामती और दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

देश भर में विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और स्वास्थ्य की कामना के लिए रखा जाने वाला करवा चौथ का पारंपरिक पर्व आज उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। दिन भर रहा निर्जला उपवास इस पावन अवसर पर, सुहागिन महिलाओं ने सूर्य उदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला (बिना पानी) उपवास रखा।

सुबह से ही विभिन्न शहरों और कस्बों में पूजा-पाठ और व्रत की कहानियाँ सुनने के लिए महिलाओं का समूह इकट्ठा होने लगा महिलाओं ने पारंपरिक परिधान, विशेषकर सोलह श्रृंगार करके, पूजा की तैयारी की।शाम को चंद्र दर्शन के बाद खोला व्रत । अचानक मौषम खराबी के कारण चन्द्र दर्शन थोढी देर रात में हुई तब तक व्रती महिलाओ इन्तजार करती रही । व्रत का समापन शाम को चंद्रमा के दर्शन और विधिवत पूजा के बाद हुआ। चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद, महिलाओं ने छलनी में पहले चंद्रमा के दर्शन किए और फिर पति का चेहरा देखा। इसके बाद, पति के हाथों से पानी पीकर और मिठाई खाकर उन्होंने अपना उपवास तोड़ा। कई शहरों में, इस पर्व को मनाने के लिए सामुदायिक कार्यक्रम और मेले भी आयोजित किए गए, जिससे इस त्योहार की रौनक और बढ़ गई। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पति-पत्नी के प्रेम और अटूट रिश्ते को भी दर्शाता है। दिलेश्वर मढरिया ने व्रती महिलाओ को सम्मान करते हुये कहा भारतीय नारी के समर्पण, सहजता, त्याग, महानता एवं पति परायणता को व्यक्त करने का पर्व ही करवा चौथ है। दिन भर स्वयं भूखा प्यासा रहकर रात्रि को जब मांगने का अवसर आया तो अपने पति देव के मंगलमय, सुखमय और दीर्घायु जीवन की ही याचना करना, यह एक नारी का त्याग और समर्पण ही है। नारी के त्याग और परिवार के प्रति समर्पण को इसी बात से देखा जा सकता है, कि उसे जब भी और जहाँ भी माँगने का अवसर मिला उसने अपने लिए कभी भी कुछ न माँगकर पति के लिए, संम्पत्ति के लिए अथवा अपने पूरे परिवार के लिए ही कुछ याचना की है।

### करवा चौथ व्रत रख महिलाओं ने की पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना



**पलारी।** शुक्रवार को नगर सहित अँचल में महिलाओं द्वारा अपने पति की मंगल कामना के लिए समर्पण, प्रेम और त्याग का महापर्व करवा चौथ पर व्रत रखा। दिनभर महिलाएं निर्जला रहकर अखंड सौभाग्यवती की कामना करते हुए चंद्र देव, माता पार्वती, भगवान शिव और भगवान गणेश का पूजा अर्चना किया । माना जाता है कि इस दिन देवी-देवताओं की पूजा का विशेष विधान होता है और कुछ खास मंत्रों का जाप व्रत करने से शुभकारी फल मिलता है । वही महिलाएं देर रात चंद्रमा दिखाई दिए जाने के बाद चलनी से अपने पति का मुँह देखा पश्चात पति के जूठे पानी पीकर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेकर करवा चौथ व्रत का पालन किया। नगर में कई जगहों पर महिलाएं सामूहिक रूप से करवा चौथ व्रत पर अपने पति पूजा अर्चना की और पंडित से व्रत कथा सुनी।

### सोलह श्रृंगार से सजीं सुहागिनों ने छलनी से निहारा चांद

**खरोरा।** श्रद्धा, प्रेम और सौंदर्य का प्रतीक करवा चौथ पर्व शुक्रवार को पूरे उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद सुहागिनों ने रात में सोलह श्रृंगार कर छलनी के ओट से चांद का दीदार किया और पति की लंबी आयु की कामना की।सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। महिलाओं ने मेहंदी लगवाई, साड़ी और गहनों की खरीदारी की। शाम को घरों और मंदिरों में भगवान शिव, पार्वती और गणेशजी की विधिवत पूजा-अर्चना कर करवा चौथ की कथा सुनी। जैसे ही रात में चांद निकला, सजी-धजी महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला। महिलाएं दिखीं उत्साहित नवविवाहिताओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कई महिलाओं ने अपने घरों की छतों पर एक साथ पूजन किया। कुछ स्थानों पर चांद निकलते ही आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया। करवा चौथ पर सुहागिनों की सोलह श्रृंगार से सजी छटा और हाथों में रची मेहंदी की लालिमा ने शाम को और मनमोहक बना दिया।



## धरसींवा व खरोरा विधायक कार्यालय में लगा अनुज का जनदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विधायक अनुज शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगो के बीच पहुँच कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक अपने विधायक कार्यलय में लोगो के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान भी किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जनता की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करना हमारा संकल्प है । हम जनदर्शन के माध्यम से लोगो की छोटी बड़ी समस्याओं का निराकारण किया जाता है।

जनदर्शन का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाना है। आम आदमी को छोटे-छोटे काम के लिए भटकना न पड़े, कर्मचारी-अधिकारी नियम-कानून का अड़ंगा लगाकर जनसामान्य को परेशान न करें। आम आदमी को परेशान कर शासन की छवि धूमिल करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि क्षेत्र के किसान, गरीब, मजदूर और अंतिम छोर के व्यक्ति को कोई परेशानी न हो, यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर हितग्राहियों को लाभान्वित करने संबंधित अधिकारी कमर कस लें, इसमें लापरवाही नहीं चलेगी। इस अवसर पर धरसींवा क्षेत्र की जनमानस के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### नहरडीह में हुआ सामाजिक अंकेक्षण 2025

**खरोरा** । प्राथमिक शाला नहरडीह में सामाजिक अंकेक्षण 2025 का कार्य किया गया। इस अंकेक्षण के लिए एक से लेकर पांच अंकों तक के 20 प्रश्नावली तैयार किए गए थे। जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक सामग्री, संकेतक, लर्निंग आउट कम, अनुलग्नक के माध्यम से विद्यालय में विद्यार्थी के शैक्षणिक स्तर, पी एम पोषण, विद्यालय में चल रही विभिन्न गतिविधियों का आकलन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के लिए शासकीय प्राथमिक शाला पचरी से हरीश साहू थे। पचरी संकुल समन्वयक कांत कुमार कन्नौजे का भी सहयोग रहा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परस नायक, सरपंच अनिल सायतोड़े, पंचायत सचिव भारती साहू, पंचगण, ग्रामीण अध्यक्ष पूरन साहू, स्कूल सदस्य कामता साहू, पुष्कर साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र साहू, एवं स्कूल के प्रधान पाठिका सविता वर्मा, शिक्षक प्रदीप खूंटे, विद्यार्थी, पालक गण उपस्थित रहे।



## कैरियर एवं परामर्श विषय पर दाऊ कल्याण कॉलेज में हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में महाविद्यालय कैरियर काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में "परीक्षा संबंधी कैरियर एवं परामर्श" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पद्माकर एवं विक्की सोनी, समन्वयक, प्रयास अकादमी बिलासपुर उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, सीजीपीएससी, रेलवे आदि की तैयारी के तरीकों, समय प्रबंधन, तथा आत्मविश्वास बनाए रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने छात्रों को अपने रुचि क्षेत्र के अनुसार कैरियर चुनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कैरियर मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सीके चंद्रवंस, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, एवं एनएसएस अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### दिलेश को मिला अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान

**मुंडा।** प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन, नेपाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस कविता प्रतियोगिता में जिले के नवसृजनकार कवि एवं शिक्षक दिलेश कुमार फेकर



को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। प्रतियोगिता में 2143 रचनाकारों में से 260 चयनित हुए। दिलेश फेकर की अनेकों रचनाएं देश-विदेश की पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने कहा कि फेकर अपनी प्रतिभा से देश-विदेश में क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## कौशल विकास यात्रा 2025 और एआई लिट्रेसी मिशन का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



देश की अग्रणी संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ – कौशल विकास यात्रा 2025 का भव्य समापन 8 अक्टूबर को शिवरीनारायण में हुआ। इस यात्रा में ए आई लिट्रेसी मिशन पुस्तक यात्रा और साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसेक्ट अमित कंप्यूटर शिवरीनारायण से हुआ, जहाँ योगेश मिश्रा ओ एसड़डी डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, कोटा) ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथि मिश्रा, अध्यक्ष पवन सुल्तानिया, विशिष्ट अतिथि अरुण साहू, योगेश शर्मा, अश्वनी केशरवानी, वीरेन्द्र तिवारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विद्यार्थियों को तकनीक की जानकारी, कार्यशालाएँ और पुस्तक पढ़ने की प्रेरणा दी गई। साहित्यकारों को सम्मानित कर विद्यार्थियों को साहित्य से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में शाखा प्रबंधक रविंद्र केशरवानी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा रथ को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया।

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# स्पा सेंटर को बंद करने और संचालको पर कठोर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा.

प्रांत सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन एवं सैलून संघ प्रदेश अध्यक्ष रुपेश ठाकुर के निर्देशानुसार प्रांत सेन समाज के द्वारा पूरे प्रदेश भर के सभी जिलों मे राज्य के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया।

सेन समाज के जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास एवं जिला सचिव नागेश सेन एबं उपस्थिति प्रतिनिधियों द्वारा मांग पत्र मे कहा गया है को सैलून व्यवसाय मुलतः सेन समाज का व्यवसाय है जो हमारी सामाजिक और संस्कृतिक पृष्ठ भूमि से जुड़ी हुई है। आज अन्य समाज के लोग इस कार्य को करने



आगे आ रहे है। जिससे हमारी सामाजिक और संस्कृतिक मूल्यो पर अतिक्रमण हो रहा है। सैलून व्यवसाय मात्र बाल दाढ़ी बनाने तक सिमित नही है, सेन समाज का कार्य जन्म से विवाह और मृत्यु तक हर संस्कार मे सम्मिलित होना है। स्पा सेंटर को बंद करने और उनके संचालको पर कठोर कार्यवाही करना बहुत जरूरी है। केश शिल्प कला बोर्ड का गठन किये हुए बहुत साल हो गया है, लेकिन सेन समाज को इससे किसी प्रकार से प्रत्यक्ष लाभ नही हो पाया है। ज्ञापन देने वालो मे जिला सेन समाज बलौदाबाजार भाठापारा एवं सैलून संघ से जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास, हरिशंकर सेन, नागेश सेन, अनिल सेन, विजय सेन, नौकराम सेन, संतोष सेन, भरत सेन, ईश्वर सेन, तोमन सेन, ध्रुव सेन, पतिराम सेन, खिलेन्द्र सेन, धुरेन्द्र सेन, प्रेमलाल सेन, विजय सेन, राजकुमार सेन, सुरेंद्र कुमार सेन, श्याम लाल सेन, तोरण सेन, महेश्वर सेन, कृष्ण श्रीवास, गजेंद्र श्रीवास, नेतराम सेन, दाऊ लाल सेन, रंजीत सेन, राजू सेन, केशव सेन, युवराज सेन, पिकेश्वर सेन, मोहन सेन, मुकेस सेन, सुरेश सेन, धनुष सेन, चोवा सेन रामायण सेन सहित सैकड़ो के संख्या मे सेन समाज के सदस्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411